क्रमांक ए-12011/02/2026-प्रशासन/एनसीवीईटी/2855.

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्

चौथी मंजिल, कौशल भवन,

चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110023

दिनांक 10-03-2026

**रिक्ति परिपत्र**

**विषय:-** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), नई दिल्ली में उप निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर एक रिक्ति को भरने के संबंध में।

भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), नई दिल्ली में उप निदेशक के एक पद को प्रतिनियुक्ति पर "विदेश सेवा" शर्तों के तहत भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. उप निदेशक के पद के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता/अनुभव आदि के साथ-साथ प्रारंभिक प्रतिनियुक्ति की अवधि का विवरण निम्नलिखित है:-

| पद का नाम और वेतनमान/स्तर | पात्रता शर्तें | पद की संख्या |
|---|---|---|
| उप निदेशक<br>वेतन स्तर-11<br>(7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार 67,700 रुपये - 2,08,700 रुपये)<br><br>(पूर्व संशोधित वेतनमान पीबी-3 +जीपी 6600 रुपये के अनुरूप) | अनिवार्य<br>1) केंद्रीय सिविल सेवा समूह “क” या राज्य सरकार या स्वायत्त संगठनों या नियामक प्राधिकरणों, केंद्रीय / राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों या केंद्रीय / राज्य सरकार के शैक्षणिक या अनुसंधान संस्थानों आदि में नियमित आधार पर कार्यरत अधिकारी। **और**<br>2. क) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समरूप पद या ग्रेड पर कार्यरत होना; **या**<br>ख) वेतन स्तर 10 (56100 रुपये से 177500 रुपये) में उपरोक्त (1) में उल्लिखित सेवाओं में पांच वर्ष का नियमित अनुभव होना चाहिए। **या**<br><br>ग) वेतन स्तर 9 (53100/- रुपये से 167800/- रुपये तक) में उपरोक्त (1) में उल्लिखित ऐसी सेवाओं में | 01 (एक) पद; जिसे बढ़ाया जा सकता है।<br><br>प्रारंभिक रूप से 3 वर्ष की अवधि के लिए, जिसे एनसीवीईटी के नियमों और आवश्यकताओं के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। |

| | | |
|---|---|---|
| | सात वर्ष की नियमित सेवा । **या**<br>घ) वेतन स्तर 8 (47600/- रुपये से 151100/- रुपये) में उपरोक्त (1) में उल्लिखित ऐसी सेवाओं में आठ वर्ष की नियमित सेवा। **या**<br>ड.) वेतन स्तर 7 (44900 रुपये से 142400 रुपये) में उपरोक्त (1) में उल्लिखित ऐसी सेवाओं में नौ वर्ष की नियमित सेवा। **या**<br>च) वेतन स्तर 6 (35400/- रुपये से 112400/- रुपये) में उपरोक्त (1) में उल्लिखित सेवाओं में बारह वर्ष की नियमित सेवा।<br><br>**वांछनीय**<br>**शिक्षा का अनुभवः**<br>1) विधि/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/वित्त एवं लेखा के साथ व्यवसाय प्रशासन / सीए / सीएस / आय-व्यय लेखक (कोष्ट लेखाकार) या चयन समिति द्वारा उपयोगी समझी जाने वाली कोई समकक्ष डिग्री में स्नातक की डिग्री।<br>2. प्रशासन और वित्त का अनुभव होना।<br>3. कौशल विकास को समझने के लिए तकनीकी और सामान्य शिक्षा से संबंधित कार्य करने का अनुभव।<br>4. लिखित और मौखिक दोनों प्रकार के उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल होने चाहिए और कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए। | |

**नोटः** फीडर श्रेणी में आने वाले विभागीय अधिकारी, जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारी पदोन्नति के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। (इस नियुक्ति से ठीक पहले केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में धारित किसी अन्य गैर-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः पाँच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष है।

3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 01.01.2016 (जिस तिथि से 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं पर आधारित संशोधित वेतन संरचना लागू की गई है) को या उस तिथि तक नियमित आधार पर प्रदत्त सेवाओं को आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर विस्तारित संबंधित ग्रेड वेतन या वेतनमान में प्रदत्त सेवा

10/3/26

माना जाएगा, सिवाय उन मामलों के जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमानों का एक ही ग्रेड में विलय कर दिया गया हो और जहां यह लाभ केवल उन पदों के लिए लागू होगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है।

4. एनसीवीईटी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति, समय-समय पर संशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2000- स्थापना (वेतन - द्वितीय) दिनांक 17-06-2010 में निहित प्रावधानों के अनुसार होगी। एनसीवीईटी को उपरोक्त रिक्ति को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

5. वेतन के अतिरिक्त, इस पद पर केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए समय-समय पर लागू दरों के अनुसार महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराय भत्ता (एचआरए) और परिवहन भत्ता आदि भी शामिल हैं। प्रचलित सीजीएचएस/सीएस (एमए) नियमों के अनुसार चिकित्सा प्रतिपूर्ति स्वीकार्य है।

6. एनसीवीईटी सामान्य पूल आवासीय आवास के लिए पात्र कार्यालय नहीं है।

7. अनुरोध है कि पात्र व्यक्तियों का विवरण, जो आवश्यक योग्यता को पूरा करते हों और उपरोक्त पद पर नियुक्ति के लिए विचार किए जा सकते हों तथा जिनकी सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराई जा सकती हों, संलग्नक-1 में दिए गए प्रपत्र में सभी प्रकार से पूर्ण रूप से भरकर उचित माध्यम से इस कार्यालय को भेजा जाए।

8. पिछले दस वर्षों में कोई दंड नहीं प्रमाण पत्र और पिछले पांच वर्षों के अद्यतन एसीआर/एपीएआर, साथ ही सतर्कता और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (परिशिष्ट - II के अनुसार) आवेदन के साथ एक सीलबंद लिफाफे में भेजें जिस पर "उप निदेशक पद के लिए आवेदन" अंकित हो, ताकि यह आवेदन 01-04-2026 तक इस कार्यालय में पहुंच जाए।

9. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए:-

उप निदेशक (प्रशासन),
राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्
चौथी मंजिल, कौशल भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110023
ईमेल: career.ncvet@gmail.com

**इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 01-04-2026 है।**

(हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी अंतर या विवाद के मामले में अंग्रेजी पाठ ही मान्य (Prevail) होगा।)

(दिलीप कुमार यादव)
उप निदेशक (प्रशासन)
10/3/26

अनुलग्नक - 1

एनसीवीईटी में उप निदेशक (प्रतिनियुक्ति पर) के पद के लिए आवेदन का प्रारूप

हाल ही की पासपोर्ट आकार की फोटो

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम<br>(मोटे अक्षरों में) | |
| 2 | आवेदित पद | |
| 3 | जन्‍ म तिथि<br>(तिथि/माह/वर्ष) | |
| 4 | सेवानिवृत्ति की तिथि<br>(तिथि/माह/वर्ष) | |
| 5 | किस सेवा से संबंधित हैं | |
| 6 | आपके वर्तमान नियोक्‍ ता की स्थिति (कृपया निर्दिष्‍ ट करें कि क्या केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/ सांविधिक निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ विश्वविद्यालय/न्यायिक संस्थान/अन्य से हैं) | |
| 7 | सरकारी सेवा में नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि | |
| 8 | कार्यालय का पता, टेलीफोन नंबर और मोबाइल नंबर | |
| 9 | आवासीय पता, टेलीफोन नंबर और मोबाइल नंबर | |
| 10 | वर्तमान धारित पद, धारित पद का वेतन स्तर एवं वर्तमान मूल वेतन/वेतनमान/वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन। | |
| 11 | कृपया क्रम संख्या 1 और "अनिवार्य" शीर्षक के अंतर्गत 2 (क), (ख), (ग) और (घ) के अनुसार पात्रता का उल्लेख करें। | |
| 12 | शैक्षिक योग्‍ यताएं (मैट्रिक से आगे) प्रमाण पत्रों/डिग्री और मार्कशीट की प्रतियां संलग्न करें। | |

10/3/20

| | उत तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड का नाम | उत तीर्ण वर्ष | पाठ्यक्रम की अवधि | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

13 कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या नीचे दी गई प्रविष्टियों के आधार पर आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य शिक्षा एवं अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं (यदि किसी योग्यता को नियम में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसके प्राधिकार का उल्लेख करें)

अपेक्षित योग्यता/अनुभव

**अनिवार्य:**

क) योग यता

ख) अनुभव (चाहे 2 (क), (ख), (ग), (घ), (ङ.), और (च)

**वांछनीय**

क) योग यता

ख) अनुभव

14 यदि आवश्यक हो, तो एक अलग शीट पर नीचे दिए गए प्रारूप में अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित अनुभव का विवरण (क्रमानुसार) संलग्न करें:

| क्र. सं. | कार्यालय/संस्था/संगठन का नाम | धारित पद (पदनाम) | सेवा अवधि | | नियुक्ति की प्रकृति (नियमित/तदर्थ/प्रतिनियुक्ति) | वेतनमान स्तर/ वेतन बैंड/ ग्रेड वेतन | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | | | |

15 सामाजिक/विकास क्षेत्र में, यदि कोई अनुभव हो, तो उसका कालक्रमानुसार विवरण दें: कौशल विकास/प्रशिक्षण/ व्यावसायिक शिक्षा, कौशल पारिस्थितिकी तंत्र की समझ, मानव संसाधन विकास या प्रशासन एवं वित से संबंधित

10/3/26

| | | |
|---|---|---|
| | नीति एवं योजना, कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण एवं निगरानी का अनुभव। | |
| 16 | वर्तमान रोजगार का नाम<br>अर्थात स्थायी/तदर्थ/अस्थायी | |
| 17 | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति पर है, तो कृपया बताएं:<br>क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि<br>ख) नियुक्ति की अवधि एवं पता<br>ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम | |
| 18 | प्राप्त प्रशिक्षण का विवरण | |
| 19 | कम्प्यूटर में दक्षता का विवरण | |
| 20 | कोई अन्य जानकारी जो आवेदक देना चाहता हो | |
| 21 | कृपया संक्षेप में बताएं कि आप आवेदित पद के लिए स्वयं को किस प्रकार सर्वाधिक उपयुक्त पाते हैं | |

नोटः जिन आवेदकों का पद केंद्र सरकार से संबंधित नए वेतन मैट्रिक्स वेतनमान/वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन में नहीं है, उन्हें केंद्र सरकार के वेतनमानों की तुलना में अपने वेतनमान की समतुल्यता का संकेत देना चाहिए और इसके समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत करना चाहिए।

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं भली प्रकार जानता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित बायोडाटा का इस पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही और सत्य है। मेरे चयन की स्थिति में, मैं पद से जुड़ी सेवा निबंधन एवं शर्तों का पालन करूंगा।

स् थान

दिनांक

(हस् ताक्षर)

नाम ______________________

10/3/26

अनुबंध -II

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र)**

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गई जानकारी/ब यौरे अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। उसे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्राप् त है। चयनित होने पर उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) यह कि श्री/श्रीमती/सुश्री के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला या आपराधिक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

(ii) यह कि उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

(iii) यह कि उनकी एसीआर/एपीएआर डोजियर मूल रूप में संलग्न है/पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच् च पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न हैं।

(iv) यह कि पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ा/छोटी शास्ति (दंड) नहीं लगायी गयी है या पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छाटी शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो)

(v) यह कि कैडर नियंत्रण प्राधिकारी को इस विज्ञापन में उल्लिखित पद के लिए आवेदक के नाम पर विचार किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

हस् ताक्षर ______________________

नाम एवं पदनाम ______________________

टेलीफोन नं. ______________________

स् थान

दिनांक

कार्यालय की मुहर

10/3/26.

अनुलग् नकों की सूची:

1.
2.
3.
4.